भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं.3802**

जिसका उत्तर 23.03.2023 को दिया जाना है

**भारतमाला परियोजना**

3802. श्री कुरूवा गोरांतला माधव:
डॉ. संजीव कुमार शिंगरी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतमाला परियोजना की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में इस परियोजना के तहत सड़क निर्माण में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान इस उद्देश्य के लिए कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है;

(घ)क्या सरकार ने इस परियोजना के तहत राज्य में किसी नई परियोजना को मंजूरी दी है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निर्धारित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) भारत सरकार द्वारा 2017 में 5.35 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर 34,800 किमी लंबाई को कवर करने के लिए भारतमाला परियोजना को अनुमोदित किया गया है। उक्त परियोजना के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों अर्थात् आर्थिक गलियारों के विकास, अंतर-गलियारे और फीडर मार्गों के विकास, राष्ट्रीय गलियारों की दक्षता में सुधार, सीमा और अंतर्राष्ट्रीय संपर्कता सड़कों, तटीय और बंदरगाह संपर्कता सड़कों और एक्सप्रेसवे के तहत परियोजनाओं और एनएचडीपी के अंतर्गत शेष सड़कों को निष्पादित किया जाना है। अभी तक 24,837 किमी सौंप दिया गया है और 11,789 किमी पूरा हो गया है।

(ख) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में भारतमाला परियोजना के तहत निर्मित सड़कों की लंबाई का विवरण निम्नानुसार है:

| **वित्तीय वर्ष** | **पूरी की गई लंबाई (किमी)** |
|---|---|
| 2019-20 | 139.18 |
| 2020-21 | 124.82 |
| 2021-22 | 73.52 |
| 2022-23<br>(20.03.2023 तक) | 100.16 |

(ग) उक्त अवधि के दौरान इस उद्देश्य के लिए किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

| **वित्तीय वर्ष** | **व्यय (करोड़ रु. में)** |
|---|---|
| 2019-20 | 3569.89 |
| 2020-21 | 2117.33 |
| 2021-22 | 2410.23 |
| 2022-23<br>(20.03.2023 तक) | 2876. |

(घ) जी, हां।

(ङ) स्वीकृत परियोजनाओं (2022-23) का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

अनुबंध

**'भारतमाला परियोजना' के संबंध में श्री कुरूवा गोरांतला माधव और डॉ. संजीव कुमार शिंगरी द्वारा दिनांक 23.03.2023 को पूछे गए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 3802 के भाग (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | रारा सं. | लंबाई (किमी में) | स्थिति | पूरा होने की निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रारा-67 के मैदुकुर-बडवेल खंड को चार लेन का बनाना | 67 | 45.14 | 28.10.2022 को समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। | नियत तिथि से 2 वर्ष। |
| 2 | पत्तन संपर्कता के तहत रारा-516एफ के समरलकोटा से अचमपेटा जंक्शन खंड को 4 लेन का बनाना | 516एफ | 12.25 | 29.09.2022 को सौंपी गई | नियत तिथि से 2 वर्ष |
| 3 | रारा-516डब्ल्यू के चिलकारू क्रॉस रोड से तुरपु कानुपुरू तक 4-लेन और तुरपु कानुपुर से पोर्ट साउथ गेट खंड को 6 लेन का बनाना। (पैकेज- II) | 516डब्ल्यू | 36.06 | 30.01.2023 को सौंपी गई | |
| 4 | बेंगलुरु-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे (पैकेज-I) | 544जी | 24.3 | 31.01.2023 को सौंपी गई | नियत तिथि से 2 वर्ष |
| 5 | बेंगलुरु-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे (पैकेज-II) | 544जी | 21.4 | 31.01.2023 को सौंपी गई | नियत तिथि से 2 वर्ष |
| 6 | बेंगलुरु-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे (पैकेज-III) | 544 जी | 26.3 | 31.01.2023 को प्रदान किया गया | नियत तिथि से 2 वर्ष |
| 7 | बेंगलुरु-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे (पैकेज-IV) | 544 जी | 24.3 | 31.01.2023 को सौंपी गई | नियत तिथि से 2 वर्ष |
| 8 | बेंगलुरु-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे (पैकेज-V) | 544 जी | 32.7 | 28.02.2023 को सौंपी गई | नियत तिथि से 2 वर्ष |
| 9 | बेंगलुरु-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे (पैकेज-VI) | 544 जी | 31 | 28.02.2023 को सौंपी गई | नियत तिथि से 2 वर्ष |
| 10 | बेंगलुरु-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे को 4 लेन का बनाना पैकेज XI | 544 जी | 32 | 28.02.2023 को सौंपी गई | नियत तिथि से 2 वर्ष |
| 11 | बेंगलुरू-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे को 4 लेन का बनाना पैकेज XII | 544 जी | 25.5 | 28.02.2023 को सौंपी गई | नियत तिथि से 2 वर्ष |
| 12 | बेंगलुरु-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे को 4 लेन का बनाना पैकेज XIII | 544 जी | 29.1 | 28.02.2023 को प्रदान किया गया | नियत तिथि से 2 वर्ष |
| 13 | बेंगलुरू-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे को 4 लेन का बनाना पैकेज XIV | 544 जी | 28.64 | 28.02.2023 को सौंपी गई | नियत तिथि से 2 वर्ष |
| 14 | एनएच-71 के नायडूपेटा-तुरपु कानुपुरु खंड को 6 लेन का बनाना (पैकेज-IV) | 71 | 34.88 | 13.02.2023 को सौंपी गई | नियत तिथि से 2 वर्ष |
| 15 | विशाखापत्तनम पोर्ट रोड के लिए सुधार कार्य | 516सी | 11 | 02.03.2023 को सौंपी गई | नियत तारीख से 09 महीने |
| 16 | रारा-516सी के कॉन्वेंट जंक्शन से शीला नगर जंक्शन तक के खंड का 4-लेन से | 516सी | 9.58 | | नियत तिथि से 2 वर्ष। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 6-लेन में सुधार | | | | |
| 17 | रारा-516डब्ल्यू के तम्मीनापट्टनम से मोलूर खंड को 4 लेन का बनाना और रारा-67 पर समर्पित पोर्ट रोड के विस्तार के लिए 6 लेन का बनाना (पैकेज-III) | 67 | 15.95 | बोली प्राप्त हो गई है | नियत तिथि से 2 वर्ष। |
| 18 | रारा-716 के कडपा-चिन्ना ओरमपड्डु खंड को 4 लेन का बनाना | 716 | 64.2 | | नियत तिथि से 2 वर्ष। |
| 19 | रारा-716 के चिन्ना ओरमपड्डु-रेनिगुंटा खंड को 4 लेन का बनाना | 716 | 57.73 | | नियत तिथि से 2 वर्ष। |
| 20 | रारा-16 पर स्थापित एमएमएलपी से कंटेनर ट्रेलरों के प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए विशाखापत्तनम हवाईअड्डा जंक्शन पर फ्लाईओवर/अंडरपास का निर्माण | 16 | 1.935 | | नियत तिथि से 12 महीने। |
| 21 | बेंगलुरु-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे को 4 लेन का बनाना पैकेज VII | 544 जी | 15.6 | | नियत तिथि से 2 वर्ष। |
| 22 | बेंगलुरु-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे को 4 लेन का बनाना पैकेज VIII | 544 जी | 20.4 | | नियत तिथि से 2 वर्ष। |
| 23 | बेंगलुरु-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे को 4 लेन का बनाना पैकेज IX | 544 जी | 7.5 | | नियत तिथि से 2 वर्ष। |
| 24 | बेंगलुरू-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे को 4 लेन का बनाना पैकेज एक्स | 544 जी | 24.5 | | नियत तिथि से 2 वर्ष। |
| 25 | उप्पाडा बीच रोड के माध्यम से एनएच-516एफ के वकालापुडी-अन्नावरम (रारा-16) खंड को 4 लेन का बनाना | 516एफ | 40.62 | | नियत तिथि से 2 वर्ष। |

*****